वर्ष- 21 अंक - 339 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 25 मई 2026

# पेट्रोल-डीजल फिर महंगा
## 4 बार में 7 रुपए से ज्यादा बढ़े दाम

सोमवार ● एजेंसी

ईरान-अमेरिका जंग के कारण एक बार फिर पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया। तेल कंपनियों ने आज पेट्रोल और डीजल की कीमत में 2.71 रुपए की वृद्धि की। इसके पहले 15 मई को पेट्रोल-डीजल के भाव में 3 रुपए की, फिर 19 मई को 90 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी और 23 मई को पेट्रोल के भाव में 87 पैसे और डीजल में 91 पैसे की वृद्धि हुई थी। इस तरह 11 दिन में 7 रुपए से ज्यादा भाव बढ़ गए। 2022 में भी रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तेल कंपनियों ने लगातार 15 दिनों में कई बार मूल्य वृद्धि करते हुए पेट्रोल-डीजल के भाव 10 रुपए बढ़ाए थे। आज की मूल्य वृद्धि के बाद मध्यप्रदेश में डीजल 100 रुपए पार और पेट्रोल 116 के करीब हो गया।

## ट्रंप के ऐलान से सस्ता हुआ कच्चा तेल उछला शेयर बाजार

**सोमवार.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जल्द ही ईरान युद्ध खत्म होने और होर्मुज स्ट्रेट खुलने की बात कही तो कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। ट्रंप के ऐलान से भारतीय शेयर बाजार भी आज बम-बम हो गया। सेंसेक्स 800 अंकों से ज्यादा उछाल के साथ खुला, जबकि निफ्टी में भी 250 अंक की बढ़त दर्ज की गई। इस उछाल के कारण सुबह-सुबह निवेशकों को 5 लाख करोड़ तक का फायदा हुआ।

## ट्रंप ने फिर की मोदी की तारीफ

**नई दिल्ली.एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दिल्ली में हो रहे अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस के जश्न में लाइव वीडियो कॉल पर आकर पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वो प्रधानमंत्री मोदी को बहुत पसंद करते हैं, मोदी उनके दोस्त हैं, और भारत उन पर 100 फीसदी भरोसा कर सकता है। ट्रंप ने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते इतने अच्छे पहले कभी नहीं रहे जितने अभी हैं।



## ट्रंप ने 'बम वाली' तस्वीर से ईरान को धमकाया

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** ईरान से समझौते की बात कर रहे ट्रंप ने ईरान को चेताते हुए एक आक्रामक तस्वीर पोस्ट की जिसमें लड़ाकू विमान और बम दिखाया गया। वहीं, ईरानी नेता इब्राहिम अजीजी ने तुरंत इसका जवाब देते हुए एक तस्वीर पोस्ट और संदेश दिया कि ईरान हर तरह की लड़ाई के लिए तैयार है।

## दूल्हे को गोलियों से भूनने वाला एनकाउंटर में ढेर

**जौनपुर.एजेंसी। जौनपुर में दूल्हे आजाद बिंद की हाईवे पर गोली मारकर हत्या करने वाले 1 लाख के इनामी रवि यादव को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। 1 मई को बारात लेकर जा रहे दूल्हे पर बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में हमला किया था। पुलिस की मुठभेड़ में एक इंस्पेक्टर भी घायल हुआ, जबकि दो आरोपी अब भी फरार हैं।**

# शुरू हो गया नौतपा
## ब्रह्मपुरी बना देश का सबसे गर्म इलाका

**सोमवार.एजेंसी।** पूरा देश भीषण गर्मी से पसीना-पसीना हो रहा है। देश के ज्यादातर मैदानी इलाके भट्टी बनकर तप रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण बिजली-पानी का संकट भी गहराया हुआ है। महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी क्षेत्र देश का सबसे गर्म इलाका बन गया है। यहां पारा 47.2 डिग्री तक पहुंच गया। इसके पहले उत्तरप्रदेश के बांदा में पारा 46 पार हुआ थआ। अब आज से नौतपा भी शुरू हो गया है। नौतपा में 9 दिन तक भीषण गर्मी पड़ती है, लेकिन नौतपा शुरू होने से पहले जो गर्मी पड़ रही है वह नौतपा से कम नहीं है। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार भी नौतपा में बारिश हो सकती है जिससे रोहिणी गल सकती है।

## अब कर्नाटक में बदलेगा मुख्यमंत्री, सिद्धारमैया को दिल्ली बुलाया



**नई दिल्ली.एजेंसी।** कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पार्टी हाईकमान ने दिल्ली बुलाया है। कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें 26 मई को दिल्ली पहुंचने के लिए कहा है। इस बुलावे के बाद कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलें तेज हो गई हैं। लंबे समय से मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच अंदरूनी खींचतान की चर्चा होती रही है। सिद्धारमैया मुख्यमंत्री पद की दावेदारी कर रहे हैं।

## खाई में गिरी स्कॉर्पियो 8 युवकों की मौत

**महाबलेश्वर.एजेंसी।** महाराष्ट्र के महाबलेश्वर में रविवार देर रात एक स्कार्पियो गाड़ी 800 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में 8 युवकों की मौत हो गई जिनके शव रस्सी से खींचकर निकाले गए।

## फ्लैट में घुसकर पति-पत्नी समेत 3 की बेरहमी से हत्या

**सोनीपत.एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत जिले के कुंडली थाना क्षेत्र स्थित टीडीआई बीपीएल फ्लैट्स में देर रात ट्रिपल मर्डर की सनसनीखेज वारदात सामने आई जहां एक सनकी ने एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और एक अन्य महिला की हत्या कर दी।

### चौहान ने अपनी किताब 'अपनापन' में किया बड़ा खुलासा
# मोहन यादव के शपथ ग्रहण में ही मोदी ने लिख दी थी शिवराज के कैबिनेट मंत्री बनने की स्क्रिप्ट

**भोपाल.एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक किताब लिखी है, नाम है 'अपनापन'। 26 मई को इसका विमोचन किया जाएगा। इस पुस्तक में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने 35 वर्षों के संबंधों और अनुभवों को साझा किया है। नई किताब में उन्होंने बताया कि मोदी कैबिनेट में उनका मंत्री बनना मोहन यादव के शपथ ग्रहण में ही तय हो गया था। उन्होंने लिखा कि जैसे ही मोहन यादव ने शपथ ली, मोदी उनके पास आए थे और धीरे से कहा - शिवराज समय निकालकर दिल्ली आओ, आपसे कुछ बात करनी है। इसके 6 महीने बाद जून 2024 में वह कैबिनेट मंत्री बने थे। तब पता चला कि प्रधानमंत्री ने शपथग्रहण समारोह में ही उनके लिए योजना बना ली थी।'




## न्यूज़ ब्रीफ...



### 31 लाख का भैंसा

**हापुड़.एजेंसी। बकरीद से पहले हापुड़ के पशु बाजार में 31 लाख रुपए की कीमत वाला भैंसा बिकने आया है। इसे हर रोज सुबह शाम पांच-पांच किलो दूध पिलाया जाता है और दिन में खूब सारे ड्राई फ्रूट भी खिलाए जाते हैं। इतना ही नहीं, यह भैंसा रोज करीब दो किलोग्राम देसी घी का सेवन भी करता है।**

### पांच सौ से ज्यादा गायों की सड़ी लाशें मिलने से हड़कंप

**जैसलमेर.एजेंसी। राजस्थान के जैसलमेर से सामने आई एक दर्दनाक तस्वीर ने गौ संरक्षण और सरकारी व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर परिषद के डंपिंग यार्ड में पांच सौ से ज्यादा मृत गायों के शव मिलने के बाद लोगों में भारी नाराजगी है।**

### खेलते समय क्रिकेटर को आया हार्ट अटैक, मौत

**बेंगलुरु.एजेंसी।** पूर्व तेज गेंदबाज एसएल अक्षय का एक क्लब मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह सिर्फ 39 साल के थे। अक्षय बेंगलुरु में केएससीए थर्ड डिवीजन लीग मैच में सौ ए एस सी सीसी की ओर से खेल रहे थे। मैच के दौरान उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी की, लेकिन इसके बाद अचानक उन्हें बेचैनी और सीने में दर्द महसूस हुआ।



### लालू के बेटे ने कहा योगी फिर बनेंगे सीएम

**विंध्याचल.एजेंसी।** विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने कहा कि उत्तरप्रदेश में फिर योगी की सरकार बनेगी।

# पार्षद ने कहा- पानी दो... नहीं तो प्यासे मर जाएंगे लोग

## इधर पुलिस ने कर रखी थी पानी फेंकने की तैयारी, मटके भी रख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ विधानसभा के वार्ड 75 में पानी की समस्या पर नेमावर रोड पालदा नाका पर कांग्रेसी पार्षद कुणाल सोलंकी ने प्रदर्शन कर रोड जाम किया। बड़ी संख्या में रहवासी, कांग्रेसी और यहां तक कि नाबालिग बच्चे भी प्रदर्शन में पहुंच गए, जो मटके लेकर और मोबाइल से वीडियो-फोटो खींचते भी नजर आए। इस जाम को खुलवाने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंचे, तो पार्षद कुणाल सोलंकी ने पुलिस अधिकारी के पैर पड़ लिए कि मेरे क्षेत्र की जनता पानी के अभाव में मर जाएगी, मैं आपके पैर पड़ता हूं, निगम को बोलकर पानी दिलवा दो, क्षेत्र में काफी समस्या पानी की है। पुलिस अधिकारी इस धोकपड़वा के दौरान पीछे हटते गए और पार्षद दंडवत ही आगे बढ़ते गए, पुलिस अधिकरी रूके तो रहवासी और बच्चों ने उनके पैर के समीप खाली मटके भी रख दिए। पुलिस ने उस समय भी चेतावनी दी थी कि रोड जाम करने पर चक्काजाम हो जाएगा हट जाओ। जिला कांग्रेस के पदाधिकारी डॉ. दौलत पटेल ने बताया कि कुणाल सोलंकी के नेतृत्व में ढाई घंटे से अधिक समय रोड पर पानी मांगा गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने फोन पर निगम कमिश्नर से चर्चा की तो वार्ड में 8 टैंकर और नर्मदा लाइन को एक घंटे चलाने का आश्वासन दिया तब जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ। पुलिस ने पार्षद सहित 18 लोगों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्रदर्शन में डॉ. दौलत पटेल, कुणाल सोलंकी, राकेश सिलावट, सीमा सोलंकी, दिनेश कुशवाह, तारा पटेल, सुरेश सोलंकी, कमल प्रजापत, दिनेश प्रजापत सहित अन्य मौजूद थे।





### इन पर हुआ प्रकरण दर्ज

*राऊ विधानसभा के वार्ड 75 में पानी की समस्या पर नेमावर रोड पालदा नाका पर प्रदर्शन हुआ, जिसमें पुलिस ने कुणाल सोलंकी, राकेश सिलावट, तारा पटेल, कमल प्रजापत, दिनेश पटेल, पवन पटेल, दौलत पटेल, दिनेश प्रजापत, नीलू ठाकुर, दिलीप सुरागे, दिनेश कुशवाह, अजय झा, सतीश शिंदे, सुरेश सोलंकी, गौरव मराठा, सुनील मंडलोई, शुभम करोसिया, अजय गवलाने प्रकरण दर्ज किया।*





# चार ब्लॉक में कांग्रेस कार्यकारिणी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस ने कल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 और विधानसभा 4 के ब्लॉक की कार्यकारिणी घोषित की। सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी दिए गए। साथ में कल 26 मई मंगलवार को होने वाले राजवाड़ा पर धरना-प्रदर्शन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए। ज्यादा से ज्यादा भीड़ पहुंचे इसके लिए ब्लॉक पदाधिकारियों को भी कहा कि वे पद के बाद पहली बार साथियों सहित आन्दोलन में पहुंचे। चिंटू चौकसे, शैलेष गर्ग, नीलेश सेन शैलू, विशाल चतुर्वेदी, रोहित जोशी सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान नए पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बूथ स्तर पर ध्यान दिया जाए। आम जनता से जनसम्पर्क कर उनकी समस्या हल कराई जाए। कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन आन्दोलन में बूथ स्तर की जनता को साथ में लिया जाए गुटबाजी में नहीं पड़े। महिला प्रभारी के माध्यम से महिलाओं को जोड़ा जाए।

# निजी बोरिंग अधिग्रहण करें और कब्जे हटाएं -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि नगर निगम आगे की सोच को पीछे छोड़कर जो काम करता है उसका नतीजा यह हुआ कि इंदौर में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। सरकारी बोरिंगों पर निजी कब्जे बने हुए हैं और निजी बोरिंगों के अधिग्रहण को लेकर भी कोई योजना नहीं बनी है। द्विवेदी ने कहा कि हर झोन के सरकारी बोरिंग पर किस-किसके कब्जे है यह निगम अधिकारी को पता है और सूची तक बना रखी है, फिर उनके कब्जे निगम क्यों नहीं हटवा पा रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल को चाहिए कि पहले बोरिंगों के कब्जे हटवाए और फिर निजी बोरिंग अधिग्रहण कर वहीं क्षेत्र में पानी बंटवाने की व्यवस्था करें उसके लिए अधिकारी या कर्मचारी की नियुक्ति भी करें। जो-जो बोरिंग निगम ने पूर्व में कराए और उसके अलावा सांसद, विधायक निधि से बोरिंग हुए हैं उनकी जानकारी झोन अनुसार सार्वजनिक करें और उनमें पानी की स्थिति क्या है यह भी स्थिति स्पष्ट करें। विधायक निधि से जो टैंकर चल रहे हैं उन पर भी निगम को जानकारी होना चाहिए, वे टैंकर सही चल रहे हैं या भेदभाव हो रहा है, कुएं बावड़ी के पानी की जांच कर जो पानी पीने योग्य है उसको उपयोग में लाया जाए। तत्काल इन कुएं-बावड़ी की सफाई भी तत्परता से कराई जाए, जिससे जो संभव हो वह पानी मिले और आगामी बरसात के लिए भी यह कुएं-बावड़ी तैयार हो सके। निर्माण के काम में टैंकर से जो पानी उपयोग में लिया जा रहा है वह बंद कराया जाए। वहां वैकल्पिक पानी दिया जाए। कई प्रभावी लोगों ने नलों से बड़े कनेक्शन ले लिए हैं। खासतौर से अस्पताल की भी जांच हो, जो सीधे-सीधे बड़े नल कनेक्शन ले रखे हो। जो-जो पानी माफिया पनप रहे हैं उन पर भी कार्रवाई कराई जाए। जो अवैध कनेक्शन निगम के कर्मचारी दे रहे हैं उन पर भी कार्रवाई हो, पानी बेचने वालों के लिए लाइसेंस जारी हो।

# शिवसैनिक जल सत्याग्रह के लिए भोपाल निकले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





शिवसेना और युवा सेना के तत्वाधान में आज भोपाल में जल सत्याग्रह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए इंदौर से सुबह शिवसैनिक जिनमें पदाधिकारी, युवा शाखा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता गाड़ियों के काफिले के साथ भोपाल रवाना हुए। धनराज दामके ने बताया कि आज सुबह भंवरकुआं पर एकत्रिकरण हुआ और वहां नारेबाजी भी की गई। आज जल सत्याग्रह को लेकर शिवसेना राज्य प्रमुख सुनील शर्मा के नेतृत्व में होने वाले आयोजन में इंदौर से भी शिव सैनिक पहुंच गए हैं, जिनमें धनराज दामके, परमजीतसिंह मेकन, मनीष शिंदे, सुरेन्द्र ठाकुर, सुनील ठाकुर, डेनी चौहान, श्रीराम चाकरे, विकास चौहान, दीपक भैया, शिव भैया, राजेश अरोरा, लक्ष्मणराम कुमावत सहित अन्य भोपाल के लिए निकले।





## भाजपा नेता ने महापौर की मौजूदगी में कराया छात्रों का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नगर निगम व संस्था सेयागो के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिभावान छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन से भाजपा प्रदेश मीडिया पेनलिस्ट सागर कसेरा जुड़े हुए थे इसलिए कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नेत्री डॉ. दिव्या गुप्ता और प्रेस्टीज कॉलेज से जुड़े डॉ. डेविस जैन कार्यक्रम में बतौर अतिथि मौजूद रहे।

## पेट्रोल-डीजल और दूध मूल्य वृद्धि पर भाकपा का आज शाम प्रदर्शन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पेट्रोल-डीजल और दूध की मूल्य वृद्धि के खिलाफ भाकपा का विरोध प्रदर्शन आज शाम 4.30 बजे इंदौर संभागायुक्त कार्यालय पर होगा। दूध,गैस, पेट्रोल और आवश्यक वस्तुओं के दाम में हो रही वृद्धि को वापस लेने की मांग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता सम्भागायुक्त कार्यालय पर नारेबाजी कर ज्ञापन देकर सभी मूल्य वृद्धि में कमी की मांग करेंगे। प्रदर्शन में रुद्रपाल यादव, सोहनलाल शिंदे, सत्यनारायण वर्मा, रमेश झाला, अजय कुमार बागी, ओमप्रकाश खटके, कैलाश गोठानिया, अरविंद पोरवाल, विवेक मेहता, भारतसिंह ठाकुर मौजूद रहेंगे।



## संगठन विस्तार को लेकर बनी रणनीति सेवादल के नए जिला अध्यक्ष का सम्मान भी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जिला कांग्रेस के संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल की मौजूदगी में अनुसूचित जाति जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष विजय बिलोनिया ने महू विधानसभा के सिमरोल में मोर्चा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की। सामूहिक भोज का आयोजन भी किया। सेवादल के जिला अध्यक्ष दिनेश सलवाड़िया का स्वागत भी किया गया। अशोक सेनी, शेखर मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

## पार्षद के कश्मीर टूर पर आपत्ति, पानी नहीं तो वोट नहीं की गुहार

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 5 के वार्ड 39 की पार्षद विगत दिनों कश्मीर टूर पर गई थी, जिसकी चर्चा सुर्खियों में बनी थी। अब सोशल मीडिया पर वार्ड के सलीम पठान जो सामाजिक कार्यकर्ता भी है और कांग्रेस से भी जुड़े हैं उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि वार्ड 39 पानी को तरस रहा है और चाचा-चाची कश्मीर टूर कर रहे हैं। हर घर की यही पुकार पानी नहीं तो वोट नहीं। पानी हमारा हक है कोई एहसान नहीं।

# माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र के चुनाव में विजेताओं ने मनाया जश्न

## सालों बाद मिली टीम हेड़ा को सफलता, समाजजनों ने बताए सत्तारुढ़ लोगों की हार के कारण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र के चुनाव कल सम्पन्न हुए दोपहर में चुनाव समाप्त होने के बाद मतगणना के शाम से ही रुझान आना शुरू हो गए थे और उसमें डॉ. चन्द्रप्रकाश हेड़ा की टीम लगातार आगे बढ़ रही थी। 71 के कार्यकारी मंडल में टीम के आगे बढ़ने के बाद लगने लगा था कि खुद सीपी हेड़ा अध्यक्ष का चुनाव जीत जाएंगे और आखिरकार कई सालों की मेहनत के बाद इस बार अध्यक्ष पद पर हेड़ा ने जीत हासिल की और उन्होंने राजेश सोमानी को 8 मतों से पराजित किया। राजेश सोमानी जिला सभा में अभी उपाध्यक्ष है और उन्हें वर्तमान अध्यक्ष संजय मानधन्या ने जिले से इधर भेजकर अपने आपको को जिले में उम्मीदवार बनाने के लिए परिवर्तन किया था जो मतदाताओं को रास नहीं आया। इधर कल समाज के सोशल ग्रुप पर सत्तारुढ़ खेमे की हार के कई कारण सामने आए, जिनमें विगत दिनों गलत फार्म भरने के बाद फार्म निरस्त करने की जगह चुनाव निरस्त करना बड़ा कारण बताया गया और मतदाताओं ने उस पर करारा जवाब दिया। वहीं दूसरा महत्वपूर्ण कारण विगत दिनों महेश्वरम संस्थान के चुनाव से एक खेमा नाराज हुआ था। इसीलिए महेश्वरम से जुड़े पदाधिकारी को 71 के कार्यकारी मंडल में मतदाताओं ने चुनाव हरा दिया। वहीं एक वरिष्ठ जो जिले में चुनाव लड़ना चाहते हैं वे भी गिनती के मतों से चुनाव हारते-हारते बचे। रात 10.30 के बाद परिणाम की घोषणा हुई और आधा घंटे से अधिक तक जीत का जश्न चलता रहा, ढोल ढमाके भी बजे।



वहीं महेश्वरम भवन के चुनाव का महत्वपूर्ण कारण इस चुनाव में देखा गया और जो आरोप लगे उस पर चुप्पी हुई। एक उम्मीदवार के आधे समय बाहर रहने का मुद्दा भी छाया रहा और कुछ कारण बड़बोलापन भी बताया गया। आम माहेश्वरी समाजजनों ने सत्तारुढ़ खेमे की हार के करीब 10 कारण सोशल मीडिया पर डाले। अध्यक्ष डॉ. चन्द्रप्रकाश हेड़ा, उपाध्यक्ष राजू बिन्नानी, अशोक सोनी, सचिव ओपी हेड़ा, कोषाध्यक्ष गुंजन सोमानी, सहसचिव प्रवीण लाठी, संगठन मंत्री महेश लड्ढा, प्रचार मंत्री प्रकाश माहेश्वरी पद का चुनाव जीते। वहीं 71 के कार्यकारी मंडल में एकतरफा बहुमत सीपी हेड़ा की टीम को मिला है। अब जिले के होने वाले चुनाव में भी इसी टीम के सारे सदस्य चयनित होंगे। सूत्रों का यह भी कहना है कि इस हार-जीत का प्रभाव आगामी माहेश्वरी समाज जिला सभा के चुनाव में भी दिखाई देगा।

# जैन समाजजनों ने दो आर्यिका माताओं की मृत्यु पर निकाली रैली

## बड़ी संख्या में पहुंचे विरोध जताने जैन समाजजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आर्यिका श्री उपशममति माताजी एवं आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी की दुर्घटना में असामयिक समाधि मरण से संपूर्ण भारत वर्ष का जैन समाज आक्रोशित है। कुछ संगठन और समाजजन यह भी मान रहे है कि इस घटना के पीछे कुछ संगठनों की सोची समझी रणनीति के तहत किया गया कार्य है। साधु संत देश की धरोहर है, उनकी सुरक्षा करना हमारा व शासन का प्रथम कर्तव्य है। कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर जैन समाजजनों द्वारा ज्ञापन भी दिया गया। जैन समाजजन दुर्घटना का वीडियो भी देख रहे है और इसे घटना नहीं मान रहे है, बल्कि घटित कार्य भी कुछ समाजजन बता रहे है। आज सुबह राजबाडा पर सकल जैन समाजजनों का एकत्रिकरण हुआ। हाथों मे संदेश की तख्ती लेकर पुरूष सफेद वस्त्रों में व महिलाएं केसरिया साड़ी में इस आक्रोशित रैली में पहुंचे। राजबाडा से रैली कलेक्टर कार्यालय पहुंची। विनय बाकलीवाल, नकुल पाटोदी, दीपक पाटनी, डीके जैन, जैनेश झांझरी, सुरेंद्र बाकलीवाल, महावीर जैन, वीरेन्द्र बड़जात्या, मनीष मिंडा, एम.के. जैन, प्रिंसपाल टोंग्या, जयदीप जैन, हेमचंद झांझरी, कमल रावका, राकेश जैन विनायका, महेन्द्र जैन निगोत्या, इन्द्रकुमार सेठी, राजीव जैन, पवन जैन, पंकज जैन, मनमोहन झांझरी, आनन्दजैन कासलीवाल, सुनील गोधा, नवीन गोधा, अतुल पाटोदी, राहुल सेठी, संजय पाटोदी, आशा होलासराय सोनी, संदीप गंगवाल, प्रकाश जैन, नरेन्द्र जैन, राजेश जैन युवा, मनीष सुराणा, सतीश जैन, देवेन्द्र सोगानी सहित अन्य मौजूद थे। यहां बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# ज्ञापन के बाद कलेक्टर से मिलने के लिए नारेबाजी अन्दर पहुंचकर जैन समाजजन बैठे धरना पर



दो आर्यिका माताजी की दुर्घटना में मौत के बाद जैन समाज का आक्रोश आज राजवाड़ा से रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचा और वहां पहले दोनों ही सामाजिक संसद के पदाधिकारियों और समाजजनों ने कलेक्टर कार्यालय पर ज्ञापन दिया। फिर एक सामाजिक संसद गुट के लोग कलेक्टर से मिलकर ज्ञापन देने के लिए अड़ गए। कुछ जैन समाजजन अन्दर चले गए और एक जगह पर बैठकर धरना भी दे दिया और नारेबाजी भी की।

# आज विधानसभा 4 के दशहरा मैदान पर हुआ जलसंकट पर प्रदर्शन

## महावर नगर के लोग कांग्रेसियों के साथ निकले, विरोध प्रदर्शन किया और विरोध दर्ज कराकर चेतावनी देकर वापस चले गए



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर के 85 वार्डों में जल संकट है और कुछ वार्डों में महा जलसंकट भी है, जहां नर्मदा की लाइन नहीं है वहां टैंकर से पानी पहुंच रहा है, जिससे दिक्कतें आ रही है। कल भी कांग्रेस ने दो वार्डों में पानी दो.. पानी दो.. के नारे गुंजाकर धरना, प्रदर्शन और एक जगह जाम भी किया था। अब आज विधानसभा 4 के वार्ड 72 के महावर नगर के रहवासी कांग्रेसियों के साथ दशहरा मैदान के समीप प्रदर्शन करने पहुंचे। पानी दो.. पानी दो.. के नारे भी गुंजाए। प्रकाश महावर, नरसिंह कुंडलवाल, जतिन थोरात, प्रहलाद महावर के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। क्षेत्र में पानी ठीक से नहीं आ रहा है, कई जगह गंदा पानी आ रहा है, पानी के अलावा ड्रेनेज लाइन बिछाने, क्षेत्र में विकास कार्य करने को लेकर अपनी मांगों के साथ झलकारी देवी चौराहा दशहरा मैदान रोड पर पहुंच गए, जहां झोनल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। प्रकाश पटेल, मनीष मिंडा, सुयश बाकलीवाल, प्रवीण पाटनी, धर्मेन्द्र ठाकुर, पप्पू मालवीय भी मौजूद थे। इस दौरान पानी दो.. पानी दो.. के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव से इस्तीफा भी मांगा गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में पहुंचे राजनेता विधायक की रवानगी ई-रिक्शा से हुई





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज भाजपा जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन कर रही है। अन्नपूर्णा रोड स्थित तालाब पर सौन्दर्यीकरण को लेकर भूमिपूजन किया गया। आज गंगा दशमी पर जलाशय पूजन भी किया गया और डेढ़ करोड़ की लागत से तालाब सौंदर्यीकरण व छट पूजा घाट व द्वार निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। कार्यक्रम के बाद विधायक मधु वर्मा ई-रिक्शा में बैठकर रवाना हुए। मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# अब पानी के आंदोलन रोकने की तैयारी

## चक्काजाम पर मुकदमा दर्ज होने के बाद आगे के आंदोलन पर नजर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पानी के संकट से सिसकते हुए शहर में अब आंदोलन करने वालों को रोकने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। कल पालदा में पानी के लिए चक्का जाम करने वालों पर मुकदमा दर्ज होने के बाद अब आगे के आंदोलन पर नजर है।

इस बार पानी का संकट बहुत ज्यादा गहरा गया है। शहर के सभी 85 वार्ड में नागरिक हैरान परेशान हो रहे हैं। उन्हें अपने दैनिक जीवन यापन का कार्य करने जितना पानी भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में लोगों के लिए पानी हासिल करना एक मुश्किल चुनौती बन गया है। निजी क्षेत्र के लोग जो टैंकर से पानी बेच रहे हैं उनसे पानी प्राप्त करके ही व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकता है। सब समस्या यह है कि निजी क्षेत्र से कब तक पानी खरीदे और कितना पानी खरीदे। निजी क्षेत्र के लोग आपके घर की टंकी चाहे 2000 लीटर की हो या टंकी ना होकर केवल ड्रम हो तो भी पैसा पूरे टैंकर का लेते हैं। उन्हें इस बात से कोई मतलब नहीं रहता है कि आपने उनके टैंकर में से कितना पानी लिया है। हकीकत भी है आखिरकार वह लोग कोई जनता की आवश्यकताओं की पूर्ति करने या सेवा करने के लिए नहीं बैठे हैं वह तो व्यवसाय करने के लिए बैठे हैं। व्यवसाय का जो नियम कायदा होता है उसी के अनुसार काम करते हैं, उन्हें किसी मानवता से क्या लेना देना।

ऐसी स्थिति में पानी के संकट से परेशान लोगों को साथ में लेकर कांग्रेस लगातार आंदोलन कर रही है। हर दिन करीब करीब कहीं पर चक्का जाम तो कहीं पर प्रदर्शन और कहीं पर घेराव हो रहा है। अब इस तरह होने वाले आंदोलन को रोकने का नया तरीका निकाल कर सामने आ गया है। कल पालदा में कांग्रेस के द्वारा किए गए चक्के जाम आंदोलन में शामिल होने वाले व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस थाने में अपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। इस प्रकरण का दर्ज होना अब लोगों और कांग्रेस नेताओं को यह चेतावनी है कि पानी की मांग को लेकर भी चक्का जाम किया तो मुकदमा दर्ज हो जाएगा। इस मुकदमे के दर्ज होने के परिणाम स्वरूप अब चक्का जाम को छोड़कर नेता नगरी को नागरिकों की समस्या के समाधान के लिए केवल प्रदर्शन और घेराव तक अपने आपको सीमित करना होगा।

### निगम के पास अभी भी योजना नहीं

इंदौर नगर निगम के पास अभी भी इस बात के लिए कोई योजना नहीं है कि शहर के जिन क्षेत्रों में पानी की गंभीर समस्या है उन क्षेत्रों में पानी वह पहुंचा सके। निगम के अधिकारी तो केवल आंकड़ा बताने में लगे हुए हैं। वह तो केवल यह बता देते हैं कि अभी इतने टैंकर चल रहे हैं, हम लोगों तक पानी पहुंचा रहे हैं और आगे पानी पहुंचाने के लिए टैंकर की संख्या बढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

## सफाई तो रोज होती है, आज फुटपाथ को पानी से धोया

### संगम नगर में चलाया निगम ने अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



इंदौर नगर निगम के द्वारा आज सुबह संगम नगर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत इस क्षेत्र में फुटपाथ को पानी से धोकर साफ किया गया। सफाई का काम तो निगम की टीम रोज ही करती है लेकिन उस सफाई से जब दृश्य साफ नहीं हो रहा था तो आज पानी से धोने का काम किया गया।

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि फुटपाथ पर बहुत ज्यादा गंदगी की स्थिति बनी हुई थी। झाडू लगा देने से यह गंदगी साफ नहीं हो रही थी। पिछले काफी समय से यह गंदगी रहने के कारण फुटपाथ की टाइल्स पर गंदे निशान तक बन गए थे। ऐसी स्थिति में इस क्षेत्र को साफ करने और लोगों को राहत देने के लिए नगर निगम की टीम के द्वारा आज सुबह एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत निगम ने टैंकर से पानी डालकर सफाई मित्रों के माध्यम से झाडू लगवा कर पूरे फुटपाथ को धोकर साफ किया।

इस समय शहर में स्वच्छता का सर्वेक्षण चल रहा है। इस सर्वेक्षण में केंद्र सरकार के द्वारा नियुक्त की गई एजेंसी की टीम आई हुई है। इस टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हुए स्वच्छता के हालात का जायजा लेने का काम किया जा रहा है। इस कामकाज के बीच में कहीं इंदौर शहर की अब तक की प्रतिष्ठा के रिकॉर्ड पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ जाए इस चीज को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के द्वारा आज सुबह यह पानी के माध्यम से विशेष सफाई का अभियान संचालित किया गया।

## पार्षद को रहवासियों के बीच पहुंचना पड़ा





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 1 के वार्ड 6 की पार्षद संध्या यादव को आज रहवासियों ने ड्रेनेज लाइन की तोड़फोड़ पर नाराजगी जाहिर की और यह भी कहा कि हमारे क्षेत्र में आखिरी तक पानी नहीं आ रहा है। रहवासी नाराज ना हो जाए इसके लिए तत्काल पार्षद धर्मराज कालोनी पहुंची, जहां बताया कि डेढ़ महीने से लाइन खुदने के कारण पानी नहीं आ रहा है और जहां पानी आ रहा है वह अंतिम छोर तक नहीं पहुंच रहा है, हमारा पानी कहीं और जा रहा है। इधर ड्रेनेज लाइन तोड़ दी गई वह भी ठीक नहीं हुई थी, इससे भी लोगों में नाराजगी थी, आज लोगों ने खुद निर्माण शुरू करवाया।

## मंडल के शक्ति केन्द्र की बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 5 के शिवाजी मंडल शक्ति केन्द्र के पांच बूथों की बैठक पार्षद महेश बसवाल के नेतृत्व में की गई। अतिथि एमआईसी सदस्य राजेश उदावत थे। बैठक में दुर्गेश मिंजवा, अजय चौहान, करण आकोदिया, दिनेश रोकड़े, आशु गोयल, अतुल राजपुत, मोहन राजपूत, बबलू भालेकर, शुभम खंडे, रवि लोनखेड़े, दुर्गेश विश्वकर्मा, अनिल चौहान, लखन पंवार, कान्हा जीवाले, संतोष कोचले, रवि सोलंकी, बबलू लश्करी, धर्मेंद्र कुवाल, अजय कालू चौहान, अशोक अल्सर, आयुष कोचले सहित अन्य मौजूद थे।



# पहले भागीरथपुरा गंदा पानी कांड और अब जल संकट इंदौर की छवि को कर रहा खराब

### निगम को पीएचई विभाग से दो और अफसर मिले लेकिन जमीनी स्तर पर काम करने वालों की जरूरत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम के ग्रह दशा पिछले दिसंबर माह से ठीक नहीं चल रही है, लगातार संकट पर संकट आ रहे हैं जिसको दूर करने में वर्तमान अफसर के हौसले भी अब पहल होने लगे हैं। पहले भागीरथपुरा दूषित जल कांड में 30 से अधिक लोगों की जान चली गई इसके बाद शहर में भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया इसके कारण इंदौर की विश्व स्तरीय छवि खराब हो रही है। इंदौर से हर दिन पानी मांगते हुए लोगों के वीडियो और प्रदर्शन पूरे देश के लोगों को विचलित कर रहे हैं। वह शहर जिसने अब तक दो बार वाटर प्लस सिटी होने का अवार्ड प्राप्त किया हो और वहीं शहर पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहा है। जिस शहर ने स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन अंक हासिल किया और जल संरक्षण के लिए नदी नालों और तालाबों को बचाने एवं भूजल बढ़ाने के लिए वाटर रिचार्जिंग सॉफ्ट जैसे नवाचार किया उस शहर के लोग पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं।

फिलहाल लोगों को यह समझ नहीं आ रहा है की क्या शहर में जल संकट है या मैनेजमेंट और समन्वय की कमी क्योंकि यह स्थिति पिछले कई सालों से बनती आ रही होगी लेकिन इसको किसी तरह मैनेज किया गया, यह पहली बार नहीं है कि इंदौर में इतनी बड़ी संख्या में बोरिंग सूख गए है, लेकिन हर बार नर्मदा के पानी को मैनेज किया जाता था। लोग पूछ रहे हैं की क्या इस बार वह व्यक्ति नहीं है जो पिछले 18 सालों से हर साल गर्मी में नर्मदा के पानी को मैनेज करने के साथ ही शहर भर के जन प्रतिनिधियों और पार्षदों को भी संतुष्ट रखने का काम आसानी से कर लेता था। लोगों ने कहा की वर्तमान में नगर निगम के पास अफसर की कमी नहीं है। भागीरथपुरा कांड में पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव के नहीं होने से जल संकट पर काबू नहीं पाया जा रहा, जबकि नगर निगम के पास अब पीएचई विभाग के तीन अधिकारी है। पिछले दिनों रेसीडेंसी पर हुई बैठक के दौरान बंद कमरे में यह मुद्दा भी उठा तो तत्काल विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने इंदौर के लिए दो अफसर की नियुक्ति कर दी। जिसमें प्रताप सिंह बुंदेला का ट्रांसफर सागर कर दिया गया और नरेश कुवाल और शुभम पटेल को इंदौर में नियुक्ति दे दी गई। वही नरेश कुमार भास्कर भागीरथपुरा कांड के बाद इंदौर से गए थे वो अभी इंदौर में है। संकट इस बात का है कि यहां पदस्थ अब तक सभी अधिकारी संजीव श्रीवास्तव की तरह स्पष्टवादिता से जनप्रतिनिधियों के फोन उठाने उनसे संवाद करने और उन्हें संतुष्ट करने के साथ ही लोगों के बीच जाकर जवाब देने की हिम्मत नहीं जुटा पाया है।

मामले में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि जल संकट पर काबू करने के लिए हर प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। अफसर को फील्ड में रहकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। हम लगातार पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह जनप्रतिनिधियों से संवाद करें, समन्वय करें और संकट का हल निकाले। रेसीडेंसी कोठी पर हुई बैठक के दौरान पीएचई विभाग के कार्य पालन यंत्री प्रताप सिंह बुंदेला द्वारा दायित्व का निर्वहन नहीं करने का मामला सामने आया था इसके बाद तत्काल उनका स्थानांतरण सागर कर दिया गया था और उन्हें कार्य मुक्त करते हुए दो नए अधिकारियों को नियुक्ति दी गई है। वहीं दूसरी ओर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जल संकट का सारा ठीकरा कांग्रेस और पिछले सालों में नर्मदा का पानी नहीं बढ़ने के प्रयासों पर फोड़ दिया है। वहीं रविवार को एक बार फिर ट्रेक्टर ट्राली को जप्त किया गया जो शहर में पानी बेच रहा था, 25000 का स्पॉट फाइन लगाया गया है।

मामले में पूर्व महापौर कृष्ण मुरारी माघे ने कहा है कि किसी भी संकट को दूर करने का एक ही उपाय है उससे जुड़े और प्रभावित लोगों से वन-टू-वन संवाद किया जाए और निराकरण करने की दिशा में तेजी से काम किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जल संकट की तस्वीर इंदौर से निकलकर सामने आई है उसे लगता है कि शहर को अब इससे लड़ने के लिए आगामी साल भर लगातार नीति निर्धारण करके प्रयास करने होंगे।

# नृसिंह मंदिर में विष्णु सहस्रनाम से अर्चना



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नृसिंह बाजार स्थित नरसिंह मंदिर में अधिकमास पर धार्मिक कार्यक्रम लगातार एक माह तक आयोजित किए जा रहे है। सुबह श्रृगार आरती, शाम 5:30 बजे से भगवान की विशेष अर्चना की जा रही है। भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय तुलसी पत्र, मखाना, गुलाब और मोगरे के पुष्प अर्पित कर विष्णु सहस्रनाम के मंत्रों से प्रभु का अर्चन किया। फूल बंगला इस अवसर पर सजाया गया। धार्मिक पाठ और कीर्तन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। रोजाना शाम को सहस्रार्चन आयोजन चल रहे है। ज्ञान यज्ञ भी हो रहा है।

# माहेश्वरी महिलाओं ने किया नर्मदा पूजन पौधारोपण भी नर्मदा तट पर किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पश्चिम मध्य प्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष शोभा माहेश्वरी एवं साधना बियाणी, भावना माहेश्वरी ने बताया कि फतेहगढ़ स्थित माँ नर्मदा तट पर नर्मदा पूजन का आयोजन किया। प्रसादी, ब्राह्मण भोजन और धार्मिक अनुष्ठान के बाद सभी माहेश्वरी महिलाओं ने पौधारोपण भी किया। सुमन सारडा, किरण लखोटिया, दीप्ति धूत,स्नेहता मूंदडा, मनीषा राठी, संध्या राठी, रेणुका तोतला, मंजू डोडिया, क्षमा राठी, सीमा सिंगी, ऋतु तापडिया, मनीषा लाठी आयोजन में मौजूद रही।








# जैन ग्रुप ने देखी फिल्म शिवाजी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जैन इंजीनियर्स सोसायटी इंदौर चैप्टर द्वारा सदस्यों के साथ फिल्म 'राजा शिवाजी' का विशेष शो आयोजित किया गया। संदीप जटाले, जितेन्द्र काला, तपन जैन, मीनू कटारिया, विकास जैन की मौजूदगी में संस्था से जुडे नए सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

# गीता भवन में जारी है भागवत

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** ग़ीता भवन परिसर में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज के श्रीमुख से शोभायात्रा के बाद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। संजय-किरण मंगल, बिनोद-सुनीता अग्रवाल ने बताया कि भागवत कथा 30 मई तक चलेगी। यह आयोजन कमलादेवी-बाबूलाल मंगल की पुण्य स्मृति में संजय मंगल द्वारा कराई जा रही है।



# जैन को मिला 'हेरिटेज रिकॉर्ड सम्मान'

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शोभा जैन को 'महावीर प्रेरणा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए स्वर्णिम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा प्रतिष्ठित हेरिटेज रिकॉर्ड सम्मान से सम्मानित किया ग़या। इस सम्मान पर प्रकाश भटेवरा, दीपक भटेवरा, वीरेन्द्र जैन, रेखा जैन, कमलेश कोठारी,जयसिंह जैन, दिलीप जैन, दिलीप सिसोदिया, राजेन्द्र सुराना,गौतम मुनोत, नरेन्द्र भंडारी ने बधाई दी।



# डाकतार संस्था को मिला 'सर्वश्रेष्ठ संस्था' का गौरव



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत सहकारिता विभाग द्वारा इंदौर मंडल डाकतार सहकारी संस्था को 'सर्वश्रेष्ठ संस्था' घोषित किए जाने पर पोस्टल विभाग, टी पी एन सोसाइटी, बीमा विभाग सहित भोपाल, खंडवा, खरगोन, धार, बड़वानी, देवास आदि क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने संस्था अध्यक्ष आर एस होरा एवं संचालक मंडल का स्वागत किया । मनमोहन झांझरी ने बताया कि समारोह में उपस्थित सभी वक्ताओं ने संस्था की निरंतर प्रगति एवं सदस्यों के हित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। श्री देवकर, पंकज उपाध्याय, एमआर रावत ने उदबोधन दिए। राजेन्द्रसिंह होरा ने संस्था की सफलता और सम्मान के लिए सभी को साधुवाद दिया। संचालन प्रकाश शर्मा ने किया।

# स्वामी महामनदास को संत शिरोमणि अलंकरण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** निपान्या स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु को कल रिसोर्ट पर आयोजित समारोह में शहर एवं मालवांचल से आए भक्तों ने संत शिरोमणि अलंकरण से सम्मानित किया। हरि अग्रवाल, किशोर गोयल, संजय लड्डा, अशोक गोयल, श्रीनिकेतनदास, अद्रिधरण प्रभु, डॉ. निर्मल नरेडी, विनय जैन एवं मुरलीधर धमानी आदि ने मालवी पगड़ी पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कृष्णाचन्द्र प्रभु, प्राणेश्वर प्रभु, अच्युत गोपाल प्रभु, विशाल प्रभु, डॉ. लक्ष्मण दास, गिरधरगोपाल दास, महाकालेश्वर प्रभु, रणवीर प्रभु, श्रीनिकेतन दास ने संस्मरण भी सुनाए। पाद पूजन महोत्सव भी आयोजित हुआ।



# आज से विद्याधाम में भागवत कथा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री विद्याधाम मंदिर बिजासन रोड पर आज से 31 मई तक मोहनलाल सोडानी, मधुसूदन सोडानी द्वारा पितृपुरुष छगनलाल एवं नंदलाल सोडानी की स्मृति में भागवत कथा का आयोजन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। राहुल कृष्ण शर्मा कथा का रसपान कराएंगे।

# अहिल्या माता की जयंती पर महिलाओं का सम्मान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** डॉ आंबेडकर क्रांति मंच के विक्रम चौहान, स्वप्निल तायडे, प्रदीप खोपराव, नायनेश तायडे ने बताया कि अहिल्या माता की जयंती पर सूरजकुंड चंद्रेश्वर महादेव मंदिर कटकटपुरा में 31 मई को शाम 7 बजे मां के पूजन और जयकारों के बाद मातृशक्तियों के सम्मान का आयोजन किया जाएगा। राजनेताओं को भी आयोजन में आमंत्रित किया गया है।

# वेंकटेश भगवान का आम रस से अभिषेक

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस बिजासन रोड पर युवराज स्वामी यतींद्रचार्य महाराज की मौजूदगी में अलग-अलग आम से अभिषेक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। भगवान पर आम के रस की धार से अभिषेक किया गया। दूध दही शक्कर शहद इत्यादि द्रव्यों का प्रयोग भी अभिषेक के लिए किया गया। मनोहर सोनी, हरिकिशन साबू, नितिन तापडिया, लाठी और सोनी परिवार ने 51 रजत कलश पूजन किया। कालू सारडा, राम हुरकट, बंशीधर सोमानी, हरकचंद बियानी, भगवानदास हेडा, कैलाश जोशी, अशोक अग्रवाल, राजा लड्डा, मदन बंग, अनुराग तिवारी,पदमा सोनी, सरला हेड़ा, शारदा साबू, बलराम समदानी, राजेंद्र मंत्री, प्रदीप साबू, अक्षय काबरा, नारायण मालानी आदि उपस्थित थे।








# गोदा रंगनाथ विवाह में बाराती और घराती बने श्रद्धालु

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी डिडवानी महिला मंडल 140 घर थोक द्वारा वेंकटेश मंदिर छत्रीबाग में दो दिवसीय गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। कल ठाकुरजी की बारात में बाराती बनकर श्रद्धालुओं ने कीर्तन पर नृत्य किया। गोदाम्बाजी की ओर से भी घरातियों ने बारात और भगवान का स्वागत किया। द्वारका मंत्री ने एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर नृत्य हुए। गोष्ठी और महाप्रसादी का आयोजन भी हुआ। आशा सिंगी, ज्योति मुछाल, नेहा भलिका, प्रियंका भलिका, सविता भांगड़िया, पवन भलिका, राकेश माहेश्वरी, विष्णु पलोड़ एवं बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद थी।





# श्वेताम्बर जैन पदाधिकारियों ने ली शपथ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश-प्रीति कोठारी ने पद की शपथ कल ली। अतिथि जयसिंह जैन थे। प्रकाश भटेवरा, दीपक जैन टीनू, महेश गुप्ता, कैलाश नाहर, नरेन्द्र भंडारी, ओम जैन, चंदा जैन, गौतम मूणत, अखिल चौधरी, डॉ. नरेन्द्र धाकड, दिलीप जैन, दिलीप सिसोदिया, राजेंद्र सुराणा, पीयूष जैन, राजेंद्र जैन, नरेन्द्र संचेती, वीरेन्द्र जैन, संजय नाहर, मुस्कान कोठारी, रितेश कटकानी, सुनील मारवाड़ी, निर्मल पगारिया एवं नीरज जैन, कमलेश सामोता, विनोद कुकड़ा, संजय जैन, सुनील तांतेड, पंकज बाफना अशोक मोदी,सुनील मुरडिया, संध्या छाजेड, पंकज जैन, संजय जैन मौजूद थे।

# ब्रज कमल पर विराजी मां लक्ष्मी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मल्हारगंज के यशवंतगंज स्थित महालक्ष्मी मंदिर में पुरुषोत्तम मास के चलते रोजाना उत्सव हो रहा है। कल माता महालक्ष्मी का विशेष श्रृंगार किया गया। मां को ब्रज कमल पर विराजमान किया गया।

# तिरुपति बालाजी मंडल ने किया गौदान समर्पण आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री तिरुपति बालाजी मित्र मंडल गुमास्ता नगर के सदस्यों ने अधिकमास सेवाकार्य में वेंकटेश मंदिर गुमाश्ता नगर में देशी गाय और बछड़ा समर्पित किया। इस दौरान संस्था से जुड़े श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार सत्यनारायण शर्मा के मुखारबिंद के साथ गौ आरती की, गौ पेटपूजन कराया, सभी भक्तों ने गाय-बछड़े का आशीर्वाद लिया। 45 जोड़े ब्राह्मण का भोज कराकर दक्षिणा भी दी गई। कीर्तन किए गए और गाय-बछड़े का मंदिर गौशाला तक विदाई आयोजन किया गया। कमल सोमानी, हरिनारायण मंत्री, जितेंद्र महेश्वरी, हंसराज बूब, राजेश सेठ, अरुण सोमानी, राजेंद्र काबरा, सतीश मालानी, सुरेश परवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



# जैन आचार्य का किया पूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुनि श्री 108 आदित्य सागरजी महाराज के 40वे अवतरण दिवस पर नर्सिंग वाटिका में दिगम्बर जैन समाजजनों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया। आचार्यश्री का पूजन कर अर्घ्य भी चढ़ाए। विनय बाकलीवाल, देवेन्द्र सोगानी, जैनेश झांझरी, देवेन्द्र सोगानी, डीके जैन, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, मुकेश टोंग्या, निर्मल सेठी, पिंकेश टोंग्या, संदीप जैन मोरया, कमलेश कासलीवाल, सतीश जैन, ऋषभ पाटनी, दिलीप लुहाड़िया, वीरेन्द्र बड़जात्या, चिराग जैन, जीतू पाटोदी, संजय मोदी, डॉ. अभिषेक सेठी, टोनी गंगवाल, हेमंत गदीया, विजेंद्र सोगानी, अक्षय काला, राजेश गोधा, रवि पवन जैन, विकास कासलीवाल, महावीर बैनाड़ा, दीपक पाटनी, महेंद्र पहाड़िया, विशाल काला, राजकुमार पाटनी, नीरज मोदी मौजूद थे।



# डॉ. पंचोलिया मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महेन्द्र जैन, सुनील जैन ईशान ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर म.सा. के सानिध्य में धार्मिक गतिविधियों का प्रचार-प्रसर करने वाले डॉ. राजेश पंचोलिया को डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। पंचोलिया को यह अवार्ड काउंसिल रजिस्टर्ड एम सी ए भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त किया गया। सनत जैन, अजय पंचोलिया, निखिल जैन,विशाल जैन,अंकुरी जैन, रीना जैन ने बधाई दी।



# वैश्य एकता प्रकल्प द्वारा गौसेवा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वैश्य एकता प्रकल्प और अग्रवाल मित्र मंडल द्वारा अन्नपूर्णा मंदिर गौशाला में पहुंचकर महिला और पुरुष समाजजनों ने गौसेवा की। पूजन अर्चन के बाद गौ पेटपूजा भी कराई गई। बाद में गौ भक्तों को झूलेलाल मंदिर में प्रसादी भी कराई गई।



# दुर्गा कालोनी में भी कृष्ण भक्ति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दुर्गा कालोनी मरीमाता में भागवत कथा का रसपान रोजाना दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा। कल पहले दिन कथा शुरू हुई उसके पहले शोभायात्रा निकाली गई। व्यासपीठ का पूजन मोना राहुल लखेरा, शोभा हरीश और शांता शिवकुमार पुरोहित ने किया।

# सेवा आश्रम में सेवा कार्य



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सहयोग वेलफेयर ग्रुप ने अधिक मास में निराश्रित सेवा आश्रम पहुंचकर सेवा कार्य किया। बुजुर्गों से उनकी समस्याएं भी जानी। स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की गई। सामग्री का वितरण भी किया गया। यश पाराशर, सविता सिरसाट, हंसा थोरात, दुर्गेश मेवाड़ा एवं राजकुमारी मेहरा मौजूद थे।



# साजिद अली का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शिक्षक व पत्र लेखक साजिद अली का अमन सामाजिक एवं सांस्कृतिक मंच इंदौर संभाग बड़वानी द्वारा सम्मान किया गया। इस सम्मान पर कई समाजजनों ने बधाई दी।

# रणधर का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लायंस इंटरनेशनल मल्टीप्ल कन्वेंशन में मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लायन मनीष शाह ने लायन दिनेश रणधर को डिस्ट्रिक्ट पब्लिक रिलेशन ऑफिसर आउटस्टैंडिंग अवार्ड से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।



# शनिदेव को छप्पन भोग के बाद प्रसादी आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर के मध्य मल्हारगंज थाना के सामने स्थित भगवान शनिदेव का कल विशेष श्रृंगार किया गया, छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई और भंडारा प्रसादी का आयोजन भी हुआ। बड़ी संख्या में शनि भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की, यह आयोजन देर रात तक चलता रहा। उल्लेखनीय है कि मंदिर पर हर शनिवार अलसुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की आस्था तेल अर्पण से लेकर दर्शन तक नजर आती है और उसका प्रभाव भंडारा में भी दिखा।

# माहेश्वरी सोशल ग्रुप का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी सोशल ग्रुप ने कैट रोड पार्क में सभा आयोजित की। दम्पति सदस्यों ने प्रतियोगी गेम भी खेले। ग्रुप के सामाजिक चुनाव में विजेताओं का सम्मान भी किया गया। दिनेश शीला चितलांग्या, प्रदीप सीमा जाखेटिया, प्रकाश ब्रजबाला सोमानी, डॉ. नीलेश रैना माहेश्वरी, महेश संगीता सोमानी, बलराम ब्रजबाला बजाज मौजूद थे।



# कथा समापन पर भजन का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शिवम् मिश्रा के मुखारविन्द से भागवत कथा का आयोजन जिन्सी स्थित सीतलामाता मंदिर प्रांगण में तिवारी परिवार द्वारा किया गया।

कथा समापन पर भजन कीर्तन के आयोजन किए गए। शिव तिवारी,गोलू तिवारी, जीतेन्द्र मिश्रा, सुधीर तिवारी, दीपक मिश्रा, श्याम भावसार, बब्बन कदम, विक्की तिवारी, लव शेखावत, सचिन तिवारी, शैलेन्द्र मिश्रा, अनिल शुक्ला ,मनोज त्रिपाठी, शरद तिवारी ,सतीश जैन, कुशाग्र मिश्रा,अयोध्यप्रसाद मिश्रा, संदेश राजोरिया,मनीष वाजपेई मौजूद थे। महाप्रसादी का आयोजन भी हुआ।



# ट्रस्ट के रक्तदान शिविर में 121 यूनिट रक्त

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पुरुषोत्तम मास के इस धार्मिक आयोजन में सेवाकार्य के अन्तर्गत ब्रजधाम हवेली ट्रस्ट ने ब्लड बैंक खरगोन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 121 यूनिट रक्त ट्रस्ट परिवार और श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर दिया। बड़ी संख्या में महिला भी ब्रजधाम हवेली के आह्वान पर रक्त देने पहुंची थी। रक्तदान शिविर का आह्वान गोस्वामी प्रथमेश कुमार महोदय अहमदाबाद द्वारा किया गया था। नवनीत महाजन ने बताया कि इस पुरुषोत्तम मास में रक्तदान का अपना महत्व है इसलिए गुरुजी के आह्वान पर यह रक्तदान किया। सिकल सेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों की सहायता के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया था। डॉ. विनयसिंह चौहान, सचिन चौहान की टीम ने शिविर में सहयोग किया। नरेन्द्र गांधी, ब्रजेश महाजन ने रक्तदाताओं का आभार माना।

# दिव्य चैतन्य ध्यान सत्र



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** योग टेंपल आयुर्वेद पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी क्लिनिक पर 'दिव्य चैतन्य ध्यान' सत्र में उदबोधन मनोज गर्ग ने दिया। योग और ध्यान की क्रियाएं भी समझाई। योगी ने कहा कि हम अपनी श्वासों पर दिन में बार बार एकाग्र होकर कई बार छोटे छोटे 'ध्यान' कर सकते है। अपने प्रत्येक कार्य को करते समय अपना मन पूरी तरह उसी कार्य में लगाते हुए उस कार्य को ही 'ध्यान' बना सकते है।

# कार्टून कार्यशाला का समापन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित लहरी की कार्टूनशाला बच्चों के लिए आयोजित की गई। जिसका समापन भी कलेक्टर शिवम वर्मा की मौजूदगी में उनके द्वारा बच्चों को दिए सार्थक उदबोधन के साथ पूर्ण हुआ। बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों पर ऑटोग्राफ कलेक्टर ने दिए। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, प्रमोद दीक्षित, अभय तिवारी, पूनम शर्मा, नितिन जैन, लक्ष्मीकांत पंडित, डॉ. मंजूषा जौहरी मौजूद थे।

# धार में भी जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान

## मुख्यमंत्री अभियान के अलावा विकास की दे रहे हैं सौगात

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** धार में आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत गंगा दशहरा पर जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के अन्तर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, मंत्री प्रहलादसिंह पटेल के अलावा जन प्रतिनिधि मौजूद है। विकास कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण भी किया जा रहा है।

# कोली समाज की बैठक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** क़ोली समाज की बैठक में राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर चर्चा की गई। प्रकाश महावर कोली ने बताया कि हाल ही में समाज में फूट डालो राज क्यों की नीति अपनाकर समाज के दो गुट निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कश्यप के नेतृत्व में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के खिलाफ अनर्गल अफवाह फैला रहे हैं, जबकि कश्यप जी के साथ समाज के तीन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और 7 से अधिक संस्थापक सदस्यों का समर्थन है। इस दौरान प्रकाश महावर कोली,हेमराज वर्मा, अशोक वर्मा, हीरालाल वर्मा, ईश्वरलाल सनोटिया, रमेश चिरगैया, महिला जिला अध्यक्ष आरती वर्मा, ओमप्रकाश धीमान, जगदीशचंद्र वर्मा, देवीसिंह सिसोदिया, लीलाकिसन शाक्य, मेघराज शाक्य, डॉ. नरेंद्र वर्मा, भागीरथ सालवी, मयंक वर्मा, अजय वर्मा, नेहा वर्मा, अनिल बनोधा, सविता धीमान, प्रेमलता सालवी, राजकुमार धीमान, निखिल वर्मा, शारदा चिरगैया, नवीन सेनवार, रमेशचंद्र वर्मा, बद्रीलाल वर्मा मौजूद थे।

# शतरंज प्रतियोगिता में गिफ्ट वाउचर



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** व्हिज़ी विंग्स एवं नेक्सस इंदौर सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में शतरंज प्रतियोगिता के आयोजन में 110 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर युवाओं और वरिष्ठ खिलाड़ियों तक सभी आयु वर्ग के लोगों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल एवं विजेताओं को ट्रॉफी के साथ गिफ्ट वाउचर देकर सम्मानित किया गया। डॉ. अंशुल जैन एवं श्रेया अनासाने ने उक्त जानकारी दी।

# सुधीर जैन का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर फिलेटेलिक एवं इंदौर न्यूमिस्मेटिक सोसायटी की संयुक्त मासिक सभा में डाक टिकिट संग्राहक लायन सुधीर जैन को इंदौर फिलेटेलिक ज्ञान रत्न सम्मान दिया गया। राजेश शाह, शिवम चतुर्वेदी, सुधीर जैन, मुकेश पाटीदार, सुरेन्द्र मेहता, गिरीश शर्मा, रवीन्द्रनारायण पहलवान, लक्ष्मीकांत जैन, मौजूद थे। आर्यन रामचंदानी ने विशेष आवरण के संकलन का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आईपीएस जैनिज्म थिमेटिक ग्रुप का गठन कर जयंत डोसी को चेयरमैन, आईपीएस रोटरी थिमेटिक ग्रुप का गठन कर आलोक खादीवाला को तथा आईपीएस हिन्दू माइथोलॉजी थिमेटिक ग्रुप में डॉ. मुकेश पाटीदार को चेयरमैन बनाया गया। नील-मनीषा जैन को बधाइयाँ दी गईं।

# गर्मी और पर्यावरण पर साहित्यिक गोष्ठी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पर्यावरण संरक्षण अनुसंधान एवं विकास केंद्र की मासिक साहित्य गोष्ठी में साहित्यकारों ने गर्मी के तीखे तेवरों के परिप्रेक्ष्य मे पर्यावरण चिंतन किया एवं सामयिक संदर्भों पर अपनी प्रभावशाली रचनाएं प्रस्तुत की। पुष्पमित्र पांडे,अनिल भंडारी, सत्यनारायण मंगल, कामना शर्मा, ओम उपाध्याय,अशोक द्विवेदी, अशोक गर्ग, डॉ. वासिफ काजी, ओपी जोशी बब्बू, सुनील मुसाफिर, डॉ. कृष्णा जोशी, डॉ. इसरार खान, सुधीर अपेक्षित, अनिल ओझा, पवन सोलंकी, सुब्रतो बॉस, अरविंद जोशी, सुरभि शुक्ला, हरजीत सिंह, डॉ. कामना शर्मा, नितेंद्र मानव कमल, महेश शाह ने अपनी भूमिका निभाई।

## संपादकीय

# मातृत्व खेल क्षमताओं में बाधक नहीं, पूर्वाग्रह से किसी खिलाड़ी का आकलन न हो

दिल्ली हाईकोर्ट ने यह सवाल उठाया कि जब विनेश फोगाट देश की एक स्थापित और शीर्ष स्तर की पहलवान रही हैं, तो नियमों में अचानक बदलाव करके उन्हें खेलने से दूर रखने की कोशिश क्यों की जा रही है! खेल की दुनिया में योग्यता-अयोग्यता की कसौटियां कई बार क्षमताओं को बाधित करने या फिर नजरअंदाज करने की हद तक चली जाती हैं। जबकि यह संभव है कि किसी खिलाड़ी को मैदान से बाहर करने के लिए जिन नियमों का हवाला जाता है, उनका कोई खास मतलब नहीं होता है। बस कुछ पूर्वाग्रहों की वजह से नियमों को बहाना बना लिया जाता है और एक सक्षम खिलाड़ी से उसके अवसर छीन लिए जाते हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसी प्रवृत्ति पर टिप्पणी करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ को फटकार लगाई और कहा कि हमारे देश में मां बनना कोई गुनाह नहीं है और कुश्ती महासंघ को बदले की भावना से काम नहीं करना चाहिए। अदालत ने महिला कुश्ती खिलाड़ी विनेश फोगाट को एशियाई खेलों के लिए होने वाली चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट मां बनने के बाद अब फिर से कुश्ती के मैदान में उतरना चाहती हैं, लेकिन भारतीय कुश्ती महासंघ ने डोपिंग-रोधी नियमों का हवाला देते हुए विनेश फोगाट को 26 जून तक घरेलू प्रतियोगिताओं में खेलने के 'अयोग्य' घोषित कर दिया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने यह सवाल उठाया कि जब विनेश फोगाट देश की एक स्थापित और शीर्ष स्तर की पहलवान रही हैं, तो नियमों में अचानक बदलाव करके उन्हें खेलने से दूर रखने की कोशिश क्यों की जा रही है! गौरतलब है कि विनेश फोगाट को भारत की सबसे कामयाब महिला पहलवानों में से एक माना जाता है। 2024 के पेरिस ओलंपिक में एक तकनीकी वजह से उनके करिअर में चुनौती सामने आई थी, लेकिन उससे पार निकल कर उन्होंने आगे का रास्ता देखा। कुछ समय पहले वे मां बनीं और मातृत्व अवकाश की वजह से वे थोड़े वक्त के लिए खेल से दूर रहीं। मगर यह उनके मैदान से बाहर होने का कारण नहीं हो सकता। दुनिया भर में ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जिसमें महिला खिलाड़ियों ने मां बनने के बाद भी खेल के मैदान में बेहतरीन प्रदर्शन किया और उपलब्धियां हासिल कीं। यों यह समय-समय पर साबित होता रहा है कि मातृत्व खेल क्षमताओं में बाधक नहीं है। बेहतर हो कि पूर्वाग्रहों या बदले की भावना के बजाय किसी खिलाड़ी की योग्यता का आकलन खेल में उसके सक्षम होने के आधार पर हो।

## ज्योतिष वास्तुजनों का मिलन



इंदौर। जोधपुर के कुंडली विशेषज्ञ ज्योतिष डॉ. राजेश श्रीमाली अपने परिवार सहित इंदौर पहुंचे, तो वास्तुविद आचार्य श्रीराम पांचाल और संजय शर्मा ने उनसे भेंट की। ज्योतिष, वास्तु, सनातन संस्कृति पर चर्चा भी हुई। श्रीमाली का सम्मान भी किया गया।

## भोजशाला दर्शन के लिए पहुंचेंगे मुख्यमंत्री

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार में जल गंगा संवर्धन आयोजन में शिरकत करने के साथ विकास कार्यों की सौगात भी दे रहे हैं। आज मुख्यमंत्री भोजशाला पहुंचकर वहां माँ वाग्देवी का पूजन और दर्शन करेंगे और मोतीबाग में आम सभा को संबोधित भी करेंगे, श्रमदान का आयोजन भी किया गया है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 152300 | 159038 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 259000 | 275950 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# बरसात के बाद आंगनबाड़ी और विद्यालय भवन की सौगात

## नवनिर्माण और नवीनीकरण कार्य पर लाखों रुपए खर्च करेगा निगम






इंदौर। नौलखा क्षेत्र के श्यामचरण शुक्ला नगर के रहवासियों को बारिश बाद नई आंगनबाड़ी और विद्यालय भवन की सौगात मिलने वाली है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर सालों पुरानी जर्जर आंगनबाड़ी और सरकारी स्कूल भवन को ध्वस्तकर आने वाले दिनों में बेहद जल्द लाखों रुपए खर्च कर क्षेत्र के जरूरतमंद विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नवीन आंगनवाड़ी और नए स्कूल भवन के निर्माण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत कहा जा रहा है कि मानसून सीजन के बाद इसी साल क्षेत्र के रहवासियों के लिए लाखों रुपए खर्च कर आधुनिक सुविधाओं वाली शासकीय प्राथमिक विद्यालय के साथ नवीन आंगनबाड़ी निर्माण की सुविधा भी देने की तैयारी है।

**जर्जर भवन के स्थान पर नवीन भवन में मिलेंगी आधुनिक संसाधनों से बेहतर शिक्षा**–आने वाले दिनों में जल्द काम शुरू होने वाला है। जिसका सबसे बड़ा फायदा क्षेत्र में शिक्षा का गिरता स्तर सुधारने के साथ नवाचार के साथ आधुनिक शिक्षा का अधिकार प्रत्येक छात्र-छात्राओं को मिलने वाला है जिससे उनका भविष्य उज्जवल बने। विधायक गोलू शुक्ला के प्रयासों से लगातार क्षेत्र में निगम द्वारा सालों पुराने विद्यालय भवन में जीर्णोधार योजना के अन्तर्गत लाखों रुपए खर्चकर आवश्यकता अनुसार निर्माण और सुधार कार्य किए जा रहे है। इसके अलावा पुराने स्कूल भवन और आंगनवाड़ी तोड़कर नई आंगनवाड़ी और स्कूल भवन का निर्माण प्रस्तावित योजना के तहत वह जल्द शुरू किया जाना है। जिससे नवलखा क्षेत्र में बस्ती से जुड़े श्यामा चरण शुक्ला नगर के बच्चों को घर के नजदीक प्रारंभिक शिक्षा के अंतर्गत नवीन आंगनवाड़ी और विद्यालय भवन में आधुनिक संसाधनों से पहले से बेहतर शिक्षा मिलेगी।

# बच्चों को समझाने की बात पर मौसी ने पीटा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बाणगंगा पुलिस को दशरथ कालोनी में रहने वाली गीता रघुवंशी शिकायत दर्ज करवाई कि मौसी मनीषा पति मनीष रघुवंशी ने बच्चों को समझाने की बात पर अपशब्द कहे। जब उन्हें अपशब्द कहने से रोका तो मौसी ने मारपीट की जिसके बाद उनके जमाई रोहित पिता मोहन रघुवंशी को बुलाया और उनसे भी मुझे पिटवाया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर रोहित और मनीषा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## खाली जमीन पर निगम बनाएगा बहुमंजिला इमारत

इंदौर। विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 61 के खसरा नंबर 594 मोदी अस्पताल के सामने लंबे समय से खाली पड़ी शासकीय भूमि पर अब निगम बहुमंजिला संस्कृतिक भवन बनाएगा। यही नहीं इसके निर्माण के लिए निगम द्वारा लगातार चौथी बार प्रयास कर एक बार फिर से प्रयास कर टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत निविदा जारी की है। जिसके तहत खसरा नंबर 594 लंबे समय से खाली पड़ी सरकारी जमीन पर क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन नवीन संस्कृतिक भवन का निर्माण शुरू करेगा। जहां एक छत के नीचे क्षेत्र के मध्यम वर्गीय जरूरतमंद परिवार के लोग अपने सामाजिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन कम खर्चे में आसानी से बेहतर सुविधा के साथ कर सकेंगे। वहीं बड़ी बात यह है कि आसपास के क्षेत्र के रहवासियों को घर के नजदीक सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन व्यवस्थित तरीके से बारिश और गर्मी में भी बगैर टेंट के कम खर्चे में करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही कॉलोनियों में होने वाली बैठक एवं राष्ट्रीय त्यौहारों के समय भी एक छत के नीचे व्यवस्थित मंच पर सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन और कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से नवीन भवन में हो सकेंगे। जिसके निर्माण को निगम ने तमाम तैयारियां शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम यहां आने वाले दिनों में लाखों रुपए खर्चकर बहुमंजिला संस्कृतिक भवन का निर्माण करेगा।

## खाना खाकर सोए दम्पति...रात में पति ने देखा तो झूलती मिली पत्नी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तिलक नगर थाना क्षेत्र के संविद नगर में रहने वाली आरती पति गोपाल ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि पति गोपाल ने बीती रात पत्नी आरती को फंदे पर झूलते देखा तो पुलिस को सूचना दी। गोपाल के मुताबिक रात में पत्नी के साथ खाना खाया था और फिर सभी सो गए थे। जब रात में गोपाल की नींद खुली तो पत्नी आरती फंदे पर लटकी हुई मिली। गोपाल गाडी वाशिंग करता है। परिवार में उसके दो बच्चे है। वही मूल रूप से सागर का रहने वाला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की।

# पॉश कालोनी में नई सीमेंट कांक्रीट सड़क की सौगात



इंदौर। विधानसभा तीन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 63 से जुड़ी पॉश कॉलोनी जानकीनगर एक्सटेंशन में टैलेंट स्कूल से राम मंदिर के सामने तक नवीन सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण को लेकर इंदौर नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण के लिए क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निविदा जारी की है। जिसके तहत इस काम पर निगम 45 लाख रुपए के आसपास खर्च करेगा। आने वाले दिनों में क्षेत्र के रहवासियों को नई सड़क निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी। ड्रेनेज और स्टांम वाटर लाइन डालने के बाद लंबे समय से क्षेत्र की मुख्य सड़क पूरी तरह से ऊबड़ खाबड़ और एकदम खराब हालत में हो रही थी। जिसे सुधारने को लेकर क्षेत्र के रहवासी लंबे समय से पार्षद मृदुल अग्रवाल से मांग कर रहे थे।

अब जाकर सड़क सुधार और निर्माण कार्य की फाइल मंजूरी के बाद पार्षद और विधायक के प्रयासों से निगम द्वारा पॉश कॉलोनी जानकीनगर क्षेत्र की मुख्य सड़क से जुड़ी टैलेंट स्कूल से श्री राम मंदिर तक की मुख्य सड़क में सुधार कार्य के साथ नवीन सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ आने वाले दिनों में बारिश से पहले बेहद जल्द अगले माह की शुरुआत में किया जाएगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है। यही नहीं इस कार्य पर निगम करीब 45 लाख रुपए से ज्यादा खर्च करेगा। जिससे आने वाले दिनों में यहां से गुजरने वाले सैकड़ो वाहन चालकों के साथ आसपास के रहवासी परिवारों को भी इसका सीधा फायदा होगा।

# चढ़दी कला इलेवन व बब्बर शेर इलेवन की उम्दा जीत

**इंदौर।** चढ़दी कला ट्रॉफी सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा का उत्साह बढ़ता जा रहा है, दिन-प्रतिदिन खिलाड़ियों और आयोजकों का उत्साह बढ़ाने के लिए क्रिकेट प्रेमी दर्शकों का हुजूम उमड़ रहा है। मुकाबले भी एक से बढ़कर एक हो रहे है, जिसमें चौको-छक्कों की बरसात के साथ खिलाड़ी अपनी खेल का उम्दा प्रदर्शन कर रहे है।

विष्णुपुरी के सचखंड मार्ग स्थित श्री गुरु अरजन देव जी खेल मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा में मुकाबलों में बब्बर शेर इलेवन ने पहले खेलते हुए विष्णुपुरी इलेवन के खिलाफ 8 ओवर में 4 विकेट पर 106 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें रविमीत अरोरा ने चार छक्कों और 2 चौकों की मदद से 60 रनों की उम्दा पारी खेली। जबकि प्रिंस ठक्कर व हरदीप सिंह ने 13 व 16 रन का योगदान दिया। विष्णुपुरी इलेवन की ओर से मनजोत सिंह ने 2 विकेट झटके। जवाब



में 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए विष्णुपुरी इलेवन की टीम निर्धारत 8 ओवर में 99 रन ही बना सकी और 7 रन से मुकाबला हार गई। टीम की ओर से पुष्पदीप सिंह ने 55 व तेजिंदर सिंह ने 20 रनों का योगदान दिया, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके।

एक अन्य मुकाबले में चढदी कला इलेवन ने पिपल्याराव इलेवन को 44 रन से मात दी। चढ़दी कला इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाए। शम्मी सुदन ने 25, अंश ने 14, जगमीत सिंह ने 19 रनों की पारियां खेली। जवाब में चढ़दी कला इलेवन की उम्दा गेंदबाजी के सामने पिपल्याराव इलेवन की टीम 8 ओवर में 6 विकेट पर 52 रन ही बना सकी। सहजदीप सिंह ने 12 रन न बनाए। उनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।

मुकालबों के दौरान पहुंचे क्षेत्र क्रमांक चार की विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, पार्षद कमलेश कालरा ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों और आयोजकों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर इस अवसर पर अमरजीत सिंह बग्गा, प्रीतपाल सिंह भाटिया, उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत हरपाल सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह सैनी, हरप्रीत सिंह बक्शी, अमरजीत सिंह भाटिया, सुखजिंदर चहल ने किया।

# वेद, मनित, अयांश, कियांश, अंजलि, कियान, दक्षित एवं प्रयान चैंपियन की दौड़ में सबसे आगे

**इंदौर।** डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन इंदौर एवं यूनाइट इंदौर चेस क्लब के तत्वावधान तथा द डायसपार्क स्कूल की मेज़बानी में आयोजित एक दिवसीय चेकमेट चैलेंज रैपिड शतरंज स्पर्धा का शुभारंभ आज रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ । प्रतियोगिता अंडर-10 एवं अंडर- 15 आयु वर्गों में आयोजित की जा रही है ।

स्पर्धा का उद्घाटन पूर्व मध्यप्रदेश राज्य शतरंज विजेता कमल वर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर आयोजन समन्वयक शिशिर देशमुख, डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन इंदौर के सचिव एवं इंटरनेशनल आर्बिटर सुनील सोनी तथा मुख्य निर्णायक योगेश मोहिते विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन रूपल मोदी ने किया तो वही आभार सूरज सिंह चौहान ने किया माना।



**खेले गए तीन चक्रों के पश्चात परिणाम इस प्रकार रहे –**चेकमेट चैलेंज 2026 रैपिड शतरंज स्पर्धा के अंडर-15 वर्ग में तीसरे राउंड के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे । शीर्ष बोर्ड पर कियान पोरवाल ने हार्दिक सिंघल को पराजित करते हुए लगातार तीसरी जीत दर्ज की। कविन कपूर एवं अपार मकवाना के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। अंजलि श्रीवास्तव ने रुद्रादित्य सिंह सिसोदिया को शिकस्त दी, वहीं प्रयान चोपड़ा ने आरना सिंह को हराया।

एसीएम दक्षित सोडानी ने राघव द्विवेदी को पराजित किया जबकि युवराज अग्रवाल एवं गुरजोत सिंह कलसी के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। कृतज्ञ साहू ने कबीर गुप्ता को हराकर अपनी जीत दर्ज की। एएफएम युवान राजपाल ने कबीर दुआ को मात दी। लक्ष्य कुमरावत ने अंश कनकने को, जीविका खंडेलवाल ने मोहित चौहान को तथा हरे कृष्णा गंगेले ने मधुरा भालेराव को पराजित किया ।

अंडर -10 वर्ग में तीसरे राउंड में शीर्ष बोर्ड पर वेद नायर ने आरुष संघवी को पराजित करते हुए लगातार शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अयान केजरीवाल एवं अयांश मालवीय के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। अथर्व अग्रवाल को सौरेन बत्रा के विरुद्ध हार का सामना करना पड़ा, जबकि कियांश जैन ने अनय पाटिल को हराया।

अयांश जैन ने अनय सिंह को पराजित किया तथा मनीत शाह ने अर्थ सैनी के खिलाफ जीत दर्ज की। आध्या अग्रवाल ने राहिल जैन को हराया। अहान भार्गव एवं अंशुमान पाल के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। सर्वज्ञ गुप्ता को नैनानी कायरा के हाथों पराजय मिली। हरे राम गंगेले ने किआरा मेहरा को मात दी, वहीं नैनाजी लाल ने खुशवी मित्तल को हराया।

# नोवाक जोकोविच रोलैंड गैरोस के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं

**पेरिस।** नोवाक जोकोविच ने घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी जियोवानी म्पेत्शी पेरिकार्ड के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ रोलैंड गैरोस में अपने अभियान की शुरुआत की। फिलिप-चैट्रियर कोर्ट पर, सर्बियाई स्टार को अपने प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 7-5, 6-1, 6-4 के स्कोर से हराने के लिए चार सेटों की जरूरत पड़ी और वह दूसरे दौर में पहुंच गए। ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू को क्ले कोर्ट पर एक और निराशाजनक प्रदर्शन का सामना करना पड़ा क्योंकि रविवार को रोलैंड गैरोस में अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा से 6-0, 7-6 (7-4) से हारने के बाद वह 2026 फ्रेंच ओपन के पहले दौर से बाहर हो गईं।23 वर्षीय खिलाड़ी, जो अपना तीसरा



फ्रेंच ओपन मेन ड्रॉ खेल रही थीं, आक्रामक और संयमित सिएरा के खिलाफ लय हासिल करने के लिए संघर्ष करती दिखीं, जिन्होंने पहले सेट में दबदबा बनाया और तनावपूर्ण दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में मजबूती से डटी रहीं और दो घंटे से भी कम समय में जीत हासिल कर ली।



# शनिदेव की भक्ति में पूर्व विधायक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** शनि मंदिर बजरंग नगर के प्राकटोत्सव में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय पहुंचे उन्होंने पूजा आराधना की।

## हालात-ए-गणतंत्र

अभीजित की
काकरोच जनता पार्टी से
जैसे ही लोग भावनात्मक रूप से
20 मिलियन जुड़े
वैसे ही
कुत्ता बिल्ली सियार शेर गीदड़ टाईगर
चूहा गधा गधी लोमड़ी आस्तीन के सांप
पार्टियां उदय में आ गई
लोगों को इंसानों से ज्यादा
पशुओं पर भरोसा हो चला
इसे कहते है
अच्छे दिन

-नकुल रतन पाटोदी

# आईपीएल लीग स्टेज तक 25,846 रनों का लगा अंबार

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 लीग स्टेज का अंत हो गया है। 70 मैचों के घमासान के बाद 4 टीमें -डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स- प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में कामयाब रहीं। क्वालीफायर-1 आरसीबी वर्सेस जीटी के बीच मंगलवार 26 मई को खेला जाएगा, वहीं एलिमिनेटर में एसआरएच वर्सेस आरआर मैच बुधवार, 27 मई को होगा। दोनों ही मुकाबले धर्मशाला के खूबसूरत मैदान पर खेले जाने हैं। लीग स्टेज का अंत होने के बाद तरह-तरह के आंकड़े सामने आ रहे हैं। आपको यह जानकर हैरानी जरूर होगी कि लीग स्टेज के 70 मुकाबलों में कुल 25,846 रन बने थे, जिसमें 16,790 रन सिर्फ चौके-छक्कों से आएं। आईए एक नजर उन टीमों पर डालते हैं, जिन्होंने लीग स्टेज के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाए।

**सनराइजर्स हैदराबाद नंबर-1–** विस्फोटक बल्लेबाजों से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल 2026 लीग स्टेज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीम रही। एसआरएच ने कुल 2,854 रन बनाए। लीग स्टेज के दौरान 10 में से 9 टीमें 2500 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रही, सिर्फ एक टीम ऐसी थी जो इस लिस्ट से बाहरै है, उस टीम का नाम कोलकाता नाइट राइडर्स है। केकेआर ने आईपीएल 2026 लीग स्टेज में सबसे कम 2309 रन बनाए।

पंजाब किंग्स 2,711 रनों के साथ दूसरे, आरसीबी (2,642) तीसरे, राजस्थान रॉयल्स (2,619) चौथे, दिल्ली कैपिटल्स (2,559) पांचवें, गुजरात टाइटंस (2,558) 6ठे, मुंबई इंडियंस (2,553) 7वें, चेन्नई सुपर किंग्स (2,553) 8वें और लखनऊ सुपर जाएंट्स (2,511) 9वें पायदान पर रही।

**आईपीएल 2026 लीग स्टेज में हुई चौके-छक्कों की बरसात–** आईपीएल 2026 लीग स्टेज में कुल 2174 चौके और 1349 छक्के लगे। आईपीएल इतिहास का यह पहला सीजन है जब छक्कों का आंकड़ा 1300 के पार पहुंचा है। सभी चौके-छक्के मिलाकर कुल बाउंड्री से 16,790 रन लीग स्टेज के दौरान बने।

राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 53 छक्कों के साथ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले पायदान पर रहे। वहीं गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 62 चौके लगाए।

## बार परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर अभिभावक संघ के पूर्व अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभावक ने बताया कि अखिल भारतीय बार परीक्षा में शामिल होने वाले आवेदक परीक्षार्थियों के लिए एडमिट कार्ड जारी हुए हैं, यह परीक्षा संभवतः 7 जून को होगी, जिसमें देश भर से करीब एक लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। कचोलिया ने बताया कि परीक्षा में नवीन अभिभावक, विधि-स्नातक की उपाधि उत्तीर्ण व्यक्ति और एल.एल. बी. अन्तिम- वर्ष के अन्तिम-सेमेस्टर के छात्र भी शामिल हो सकते है।

# प्लेऑफ में पहुंचने के बाद भी क्यों खुश नहीं राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग?

**मुंबई ।** आईपीएल 2026 के 69वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 206 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस 175 रन ही बना सकी। प्लेऑफ में पहुंचने के बाद भी राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग खुश नहीं हैं। उन्होंने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में क्या कुछ कहा है, जानिए।



मैच के बाद रियान पराग ने कहा ज़ाहिर है, जब चीज़ें योजना के मुताबिक होती हैं तो अच्छा लगता है। मुझे पता है कि हमने मैच जीत लिया है, हम क्वालीफाई कर चुके हैं, लेकिन कई ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें हम बेहतर कर सकते हैं। मैं चाहता था कि सेट बल्लेबाज़ थोड़ा और देर तक खेले (जोफ्रा को 7वें और जड्डू को 9वें नंबर पर उतारने का फैसला)। हमें रनों की ज़रूरत थी। यह ऐसी विकेट है जहां बीच में दो बल्लेबाजों को एक-एक रन की रफ़्तार से बल्लेबाजी करने देना ठीक नहीं है। मैं चाहता था कि एक बल्लेबाज़ पहल करे, जोखिम उठाए। और दूसरा बल्लेबाज़ थोड़ा और देर तक टिक सके। और जड्डू हमेशा की तरह भरोसेमंद हैं। मुझे पता था कि आख़िरी ओवरों में वह हमें कम से कम 10 गेंदों में 20 रन दिला देंगे, जो उन्होंने किया।

**मुझे इसी तरह से कप्तानी करना पसंद है, कई साहसिक फैसले लिए -** मैंने इस सीज़न में कई साहसिक फ़ैसले लिए हैं। मुझे इसी तरह से कप्तानी करना पसंद है। मैं असम की कप्तानी भी इसी तरह करता हूं। आपको मौके का फ़ायदा उठाना होता है, यह कोई जुआ नहीं है। बेशक, आप इसके बारे में बहुत सोचते हैं। मैंने सोचा, हार्दिक को आउट करने वाला सिर्फ़ एक ही खिलाड़ी है और वो है जोफ्रा। और यह फ़ैसला कारगर साबित हुआ। निर्णय लेते समय हमेशा सहज ज्ञान (सहज ज्ञान या आंकड़े?) मायने रखता है। यह कठिन है, लेकिन इसका पूरा श्रेय बृजेश और यश राज को जाता है। मैं आमतौर पर उनकी तारीफ नहीं करता ताकि वे घमंडी न हो जाएं। लेकिन आज रात के बाद मुझे लगता है कि वे इसके हकदार हैं। बृजेश कुछ मैचों में इधर-उधर खेलने के बाद जिस तरह से उन्होंने वापसी की है, जहां उन्होंने आखिरी कुछ ओवरों में कुछ रन लुटाए हैं। आज उन्होंने जिस तरह की गेंदबाजी की और जिस तरह से वे गेंदबाजी कर रहे हैं। और पुंजा, नेट बॉलर से लेकर अब तक, मुख्य स्पिनर के रूप में उनका सफर दोनों ने शानदार काम किया है।

# कल खेला जाएगा पहला क्वालीफायर, आरसीबी-जीटी होंगी आमने सामने

**नई दिल्ली ।** डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु वर्सेस गुजरात टाइटंस आईपीएल 2026 क्वालीफायर-1 मंगलवार, 26 मई को खेला जाना है। आईपीएल 2026 लीग स्टेज खत्म होने के बाद प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली सभी चार टीमों के नाम साफ हो गए हैं। पॉइंट्स टेबल में आरसीबी पहले, जीटी दूसरे, एसआरएच तीसरे और आरआर ने चौथे पायदान पर रहते हुए प्लेऑफ का टिकट हासिल किया। आरसीबी और जीटी के बीच क्वालीफायर-1 खेला जाएगा, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें एलिमिनेटर मुकाबले में भिड़ेंगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु वर्सेस गुजरात टाइटंस आईपीएल 2026 का क्वालीफायर-1 मंगलवार, 26 मई को खेला जाएगा। यह मुकाबला धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय समयानुसार शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा, जबकि टॉस के लिए दोनों कप्तान -रजत पाटीदार और शुभमन गिल- आधा घंटा पहले मैदान पर उतरेंगे।



# रहाणे ने बाहर होने पर कहा- टीम पर गर्व है

**कोलकाता ।** कोलकाता नाइट राइडर्स को रविवार को अपने आखिरी लीग मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 40 रनों से हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम को शुरुआती मैचों में लगातार हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। टीम ने लगातार पांच मुकाबले गंवाए थे। हालांकि आईपीएल 2026 के दूसरे हाफ में टीम ने शानदार वापसी की लेकिन प्लेऑफ तक पहुंचने के लिए जरूरी अंक नहीं जुटा पाए। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने रविवार को अपनी टीम के पहली हाफ में खराब प्रदर्शन के बाद शानदार वापसी और जुझारूपन की तारीफ की। दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 70वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 40 रनों से हरा दिया। इसी के साथ दिल्ली कैपिटल्स का छठे स्थान और केकेआर का सातवें स्थान पर सीजन समाप्त हुआ। टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद अजिंक्य रहाणे ने कहा, पहले छह मैचों के बाद हमारी जो स्थिति थी, वहां से वापसी करना और लीग में खुद को जिंदा रखना और उस तरह का क्रिकेट खेलने के लिए करैक्टर और जुझारूपन की जरूरत थी। मैं हर एक खिलाड़ी पर बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। इस सीजन में चीजें हमारे हिसाब से नहीं गईं और हम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाए, जो निराशाजनक है। लेकिन मुझे हर किसी पर और हमारे द्वारा की गई कोशिशों पर सच में गर्व है। पिच शुरुआत में थोड़ी मुश्किल थी। मैं बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था और जानता था कि किसी एक बल्लेबाज को अंत तक टिकना होगा, इसलिए मैंने अपने मौके भुनाने की कोशिश की। साथ ही स्ट्राइक रोटेशन पर भी पूरा ध्यान दे रहा था।



# पावरप्ले में टीम ने ज्यादा विकेट गंवा दिए थे, जिसके कारण टारगेट से पीछे रह गए

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या के लिए आईपीएल का 19वां सीजन बेहद खराब रहा। बतौर कप्तान उनकी टीम पॉइंट्स टेबल में लीग स्टेज के खत्म होने के बाद नौवें स्थान पर रही। हार्दिक पांड्या चोट के कारण कुछ मैचों में टीम से बाहर भी रहे थे। उनकी जगह सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की थी। रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला गंवाने के बाद हार्दिक पांड्या ने बताया कि पावरप्ले में टीम ने ज्यादा विकेट गंवा दिए थे, जिसके कारण टारगेट से पीछे रह गए। हार्दिक ने अंतिम मैच में बॉलिंग नहीं और इसके पीछे उन्होंने वजह भी बताई है। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल मैच में रविवार को मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ का टिकट पक्का किया।



वहीं मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को लगा कि उनकी टीम ने विपक्षी टीम को 10-15 रन ज्यादा बनाने का मौका दे दिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमने 10-15 रन ज्यादा दे दिए। यह लक्ष्य हासिल करने लायक था, बस पावरप्ले में हमने बहुत सारे विकेट गंवा दिए। उन्होंने कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने गया, तो लगा कि गेंद बल्ले पर अच्छे से आ रही है। दोनों पारियों में पिच का मिजाज एक जैसा ही था। बस अपना संतुलन बनाए रखना था और अच्छे क्रिकेट शॉट्स खेलने थे। डेथ ओवर्स हमेशा मुश्किल होते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मेरा हमेशा से यही मानना है कि अगर आखिरी 5 ओवरों में 1-2 बाउंड्री रोक ली जाए तो मैच में 12-15 रन का फर्क पड़ जाता है। अफसोस कि हम वो नहीं कर पाए। । आखिरी 5 ओवरों में पड़े 73 रनों की वजह से भी हमें मैच गवाना पड़ा। सब कुछ ठीक है (जब उनसे स्ट्रेचिंग के बारे में पूछा गया)। मैं बैटिंग करता हूं, बॉलिंग करता हूं, फील्डिंग करता हूं, कप्तानी भी करता हूंछ तो कभी-कभी सिर्फ बैटिंग करके मजा लेने का भी हक बनता है ना।

हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। टॉस के बाद हार्दिक ने कहा था कि पिच अच्छी दिख रहा है और शाम को इसके और भी बेहतर होने की उम्मीद है। हम अपना बेस्ट देना चाहते हैं और लोगों को मैच का लुत्फ़ देने की कोशिश करेंगे। टीम के लिए इस मैच का महत्व काफी अधिक है। हमारा सीज़न कठिन रहा, लेकिन हम इसका अंत अच्छे से करना चाहते हैं। मुंबई की टीम ने जारी सीजन में 14 मैच खेलते हुए सिर्फ 4 जीत हासिल की और 10 मुकाबले गंवाए।

# वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड



**मुंबई ।** 15 साल के वैभव सूर्यवंशी हर एक मैच में कुछ ना कुछ रिकॉर्ड अपने नाम करने में लगे हुए हैं। रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स का 'करो या मरो' मैच था। वानखेड़े में हुए इस मुकाबले में फैंस को उम्मीद थी कि वैभव सूर्यवंशी चौके-छक्कों की बरसात करेंगे और आरआर को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ में तो पहुंच गई, मगर वैभव सूर्यवंशी का बल्ला एकदम खामोश रहा। वह मात्र 4 के निजी स्कोर पर आउट हो गए। हालांकि इन 4 रनों के साथ वह टी20 क्रिकेट में एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने में कामयाब रहे। रिकॉर्ड है बतौर टीनएजर एक टी20 टूर्नामेंट या सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का। एमआई के खिलाफ मैच से पहले वैभव सूर्यवंशी के नाम 13 मैचों में 579 रन थे। एमआई के खिलाफ 4 रन बनाने के बाद वह 583 रनों तक पहुंचे और बतौर टीनएजर टी20 टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत की है देवदत्त पडिक्कल के नाम था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2019/20 में कर्नाटक के लिए कुल 580 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है, ऐसे में वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल में कम से कम एक और मुकाबला खेलने को मिलेगा। अगर वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में 21 रन बनाने में कामयाब रहते हैं तो वह एक टी20 टूर्नामेंट में बतौर टीनएजर 600 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे।

# बाइक की टक्कर से दो घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर पुलिस को फरियादी देवांश पिता रमेश अग्रवाल निवासी द्वारकापुरी ने शिकायत दर्ज करवाई कि परिचित मयंक अग्रवाल अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 09 बीपी 3480 से छोटी लखानी शिव मंदिर के समीप से जा रहा था तभी बाइक क्रमांक एमपी 09 एई 9414 का चालक बाइक को अंधगति से दौड़ाते हुए लाया और मयंक के टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। वहीं आजाद नगर पुलिस को रिंगरोड हंस ट्रेवल्स के सामने भी टक्कर की शिकायत मिली है। प्रधान आरक्षक प्रदीप कुमार पटेल ने बताया कि बाइक क्रमांक एमपी 09 वीएल 4976 की टक्कर से खेमराज जाटव घायल हो गए। पुलिस ने दोनों ही मामले में शिकायत दर्ज कर वाहन क्रमांक के आधार पर चालकों की जांच शुरू की। इधर मल्हारगंज थाना में पदस्थ राहुल सिंह को लक्ष्मी प्रतिमा चौराहा पर कार क्रमांक एमपी 09 सीडब्ल्यू 7325 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उन्हें चोट लगी।

## कार की टक्कर से पुलिस कर्मी घायल

# फोन पर बात कर रहे राहगिरों का मोबाइल छीनकर भागी पुलिस

## जागरूकता के लिए विजय नगर पुलिस का आपरेशन अलर्ट



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शहर में मोबाइल, वाहन सहित अन्य सामग्रियों की चोरी की वारदात लगातार सामने आ रही है। इसी के चलते विजय नगर पुलिस ने आम नागरिकों में जागरूकता के लिए आपरेशन अलर्ट चलाया, जहां पुलिस के सिपाही बिना वर्दी के भीड वाले इलाके में पहुंचे और रास्ते में फोन पर बात करते हुए जा रहे लोगों का मोबाइल छीना और भाग गए। पुलिस ने हाथ में लापरवाहीपूर्वक मोबाइल लेकर चलने वाले राहगिरों को भी सबक दिया। एसीपी पराग सैनी, टीआई चंद्रकांत पटेल, इस दौरान मौजूद रहे। जब पुलिस कर्मी मोबाइल छीनकर भागे तो कुछ लोगों ने उनका पीछा भी किया। हालांकि दूर खड़ी पुलिस टीम ने लोगों को समझाइश भी दी।

## स्पा सेन्टर पर नहीं हो रहा था नियमों का पालन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विजय नगर पुलिस ने स्कीम नं. 54 स्थित श्री वी स्पा सेन्टर पर कार्रवाई की है। आरक्षक सुरजीतसिंह ने बताया कि स्पा मैनेजर आकाश महेश्वरी द्वारा स्पा में काम करने वाले कर्मचारियों के सम्बंध में वैरिफिकेशन और जानकारी थाना पर नहीं दी।

# युवक की मौत के बाद बाइक सवार पर केस दर्ज

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गांधीनगर थाना क्षेत्र के नावदापंथ ब्रिज के पहले हुई दुर्घटना के मामले में बाइक सवार पर केस दर्ज किया है। घटना करीब एक माह पूर्व हुई थी। सहायक उपनिरीक्षक विजयसिंह चौहान ने बताया कि 27 अप्रैल को बाइक से जा रहे दम्पति को अन्य मोटर सायकल ने टक्कर मार दी थी जिसके बाद घायल विकास राठौर और पूजा का अस्पताल में इलाज जारी था। इलाज के दौरान विकास ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच की जिसके बाद मोटर सायकल क्रमांक एमपी 09 बीएम 0075 के चालक पर केस दर्ज किया।

# मैसेज को लेकर विवाद

### बच्चों के साथ टीवी देखने पर पति ने पत्नी से किया विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एरोड्रम पुलिस को छोटा बांगड़दा में रहने वाली ज्योति प्रकाश चौरसिया ने शिकायत दर्ज करवाई कि जब वह अम्बिकापुरी मेनरोड से गुजर रही थी तभी विश्वप्रतापसिंह ठाकुर, शुभ ठाकुर, तनिष और अन्य ने मैसेज को लेकर विवाद किया। मारपीट के दौरान ऋषभ चौरसिया को चोंट भी लगी है। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर मामले की जांच शुरू की। एरोड्रम पुलिस को भोलेनाथ कालोनी में रहने वाली रेखा कसेरा ने शिकायत दर्ज करवाई कि पति विकास कसेरा ने बच्चों के साथ घर पर टीवी देखने के बाद विवाद कर मारपीट की।

## जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र के हुकमाखेडी स्थित आनंद फार्म्स की एक जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। पुलिस को फरियादी योगेन्द्र पिता श्यामसुन्दरसिंह राठौर निवासी सुदामा नगर से शिकायत दर्ज करवाई कि संतोष भाटी निवासी ग्राम सुखनिवास ने इनकी जमीन पर बनी बाउण्ड्रीवाल और गेट तोड़ दिया और अंदर प्रवेश किया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उक्त जमीन उनकी पत्नी के नाम पर खरीदी गई थी जिसके कागज भी उनके पास है। जब फरियादी ने संतोष से बाउण्ड्रीवाल तोडने को लेकर बात की तो वह विवाद करने लगा। फरियादी को धमकी भी दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# कल हार्न क्यों बजाया बोलकर निकाला हथियार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। चंदन नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनगर कांकड में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। पुलिस को दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज करवाई कि फरियादी शनि पिता प्रिंस सिंह राठौर ने शिकायत दर्ज करवाई कि शुभम, छोटू, सुरेश आए और बोले कि कल हार्न क्यों बजाया था। इस बात पर तीनों ने अपशब्द कहे। जब फरियादी ने उन्हें गाली देने से मना किया तो शुभम ने धारदार हथियार निकाला और सिर पर मार दिया। दूसरी ओर छोटू और सुरेश ने लात-घूंस चलाकर फरियादी को घायल कर दिया। पुलिस को गौरव राणा ने शिकायत दर्ज करवाई कि विशाल और विकास चौहान को कहा कि इतनी तेज आवाज में हार्न क्यों बजा रहे हो, तो दोनों ने कहा कि तुम्हें क्या परेशानी है, हमारी गाडी है इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद में फरियादी गौरव के भाई पंकज राणा को चोट लगी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी।

## टेन्ट के रुपयों को लेकर विवाद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महू पुलिस को फरियादिया सुभद्रा पति पूंजा ने शिकायत दर्ज करवाई कि सुनील पिता कैलाश, शिवानी पति सुनील और दिलीप ने टेन्ट के रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट की है। इधर इसी मामले में पुलिस को सुनील पिता कैलाश मोर्या ने पूंजा और सुभद्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

# घर की अलमारी से जेवरात चोरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विजय नगर पुलिस को मालवीय नगर निवासी कीर्ति प्रमोद गघोरिया ने शिकायत दर्ज करवाई कि चोर घर की अलमारी में रखे सोने का हार, दो झुमकी चुराकर ले गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चोरों की तलाश शुरू की। इधर तिलक नगर पुलिस को फरियादी सुमन कमलेश बेरा ने शिकायत दर्ज करवाई कि घर में रखी अलमारी पर चोर ने हाथ साफ कर दिया। अलमारी में रखी सोने की पांच अंगूठी, लाकेट, दो चैन, चूड़ी, बंगाली कंगन, टाप्स और नगदी अज्ञात चोर चुराकर ले गया।

## दहेज के लिए ससुराल ने सताया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महिला थाना पुलिस को काजल पंवार निवासी तेजाजी नगर ने शिकायत दर्ज करवाई कि पति राजा पंवार, सुसराल पक्ष के राधा और दादू पंवार ने दहेज के लिए प्रताडित किया। पुलिस न महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला ने फांसी लगाकर जान दी

## तबियत खराब होने के बाद डाक्टर के पास जाने से किया था इंकार



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तुकोगंज थाना क्षेत्र के अमर टेकरी में रहने वाली दीक्षा पति विपिन टटवाडे ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पति ने पत्नी को कमरे में लटका देखा तो तुरन्त एमवाय अस्पताल ले गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घटना आज सुबह की है। पति विपिन ने पुलिस को बताया कि रविवार को पत्नी दीक्षा की तबियत खराब थी जब उसे डाक्टर के पास जाने को कहा तो उसने मना कर दिया। हालाकि महिला ने समीप ही ड्रीप चढ़वाने के लिए भी कहा जिसके बाद विपिन के बेटे ने उसे बताया कि मां इलाज के लिए तैयार नहीं है। रात को सभी सो गए सुबह 4 बजे जब विपिन की नींद खुली तो पत्नी दीक्षा बिस्तर पर नहीं थी, तलाशने पर वह दूसरे कमरे में फंदे पर लटकी हुई मिली। पति विपिन इलेक्ट्रीशियन है। वहीं दीक्षा के दो बेटे भी है।

# नशे में दौड़ा रहा था यात्री बस, पुलिस ने रोका




इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विजय नगर पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कल एक यात्री बस को रोका। बस में करीब 33 यात्री सवार थे। पुलिस ने जब्त चालक का ब्रिथ एनेलाइजर से टेस्ट किया तो वह नशे में पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने उस पर कार्रवाई की।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, नरसिंह चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।